हरियाणा और महाराष्ट्र में पायलटों की नियुक्ति

8301. **श्री राजनाथ सोनकर शास्त्री** : क्या **पर्यटन और नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत सरकार के नियमों के अनुसार, अत्यंत महत्वपूर्ण व्यक्तियों के विमान के लिए दो पायलटों का प्रावधान है और हरियाणा तथा महाराष्ट्र सरकार ने इन नियमों का उल्लंघन करके दो के स्थान पर तीन पायलट नियुक्त किए हैं ; और

(ख) यदि हाँ, तो इस संबंध में क्या कार्यवाही की जा रही है ?

पर्यटन और नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मन्त्री (श्री खुर्शीद आलम खां) : (क) किसी भी प्रकार के विमान के लिए एक प्रचालन कार्मिक की न्यूनतम आवश्यकताएं उस विमान के उड़ान-योग्यता प्रमाण-पत्र में विनिर्दिष्ट हैं। जहाँ तक मुख्य मंत्रियों तथा अन्य उच्चाधिकारियों के वहन के लिए प्रयुक्त किए जाने वाले निजी स्वामित्व के/राज्य सरकार के विमानों का संबंध है, नागर विमानन के महा निदेशालय ने एक परामर्शी परिपत्र जारी किया है जिससे कि ऐसी उड़ानों के प्रचालन के उच्चतम स्तरों/मानकों को सुनिश्चित किया जा सके। इस परिपत्र में अन्य बातों के साथ-साथ, यह उल्लेख किया गया है कि जब कभी व्यवहार्य हो प्रधान विमानचालक के अलावा, एक सुयोग्य विमानचालक भी साथ में ले जाया जाए। तथापि राज्य सरकारें अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए विमानों की संख्या को ध्यान में रखते हुए कितने ही विमानचालक नियुक्त करने के लिए स्वतंत्र हैं। वे किसी नियम का उल्लंघन किए बिना विमान में दो से अधिक विमानचालक भी ले जा सकती हैं बशर्ते कि उसमें सीटें उपलब्ध हों तथा कॉकपिट में उनकी संख्या उसमें उपलब्ध सीटों की संख्या तक ही परिसीमित हो।

(ख) प्रश्न नहीं है।

लक्ष्मी कामर्शियल बैंक की आगरा शाखा के प्रबन्धक द्वारा धन का कथित गबन

8302. **श्री चतुर्भुज** :

श्री सुशील भट्टाचार्य : क्या **वित्त** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान इस रिपोर्ट की ओर आकर्षित किया गया है कि लक्ष्मी कामर्शियल बैंक (आगरा) के शाखा प्रबंधक ने दो करोड़ रुपए का गबन किया है ; यदि हाँ, तो इस संबंध में क्या कार्यवाही की गई हैं ;

(ख) क्या लक्ष्मी कामर्शियल बैंक एम्पलाइज यूनियन के जनरल सेक्रेट्री ने उक्त बैंक के गबन कांड की ओर भारत सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक का ध्यान आकर्षित किया है ; और

(ग) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

वित्त मन्त्रालय में उप मन्त्री (श्री जनार्दन पुजारी) : (क) से (ग) भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार लक्ष्मी कामर्शियल बैंक लि. की आगरा स्थित शाखा के प्रबंधक द्वारा स्वीकृत अनियमित अग्रिमों के कुछ मामले उनकी जानकारी में आए हैं। लक्ष्मी कामिशयल बैंक लि. द्वारा संबंधित शाखा प्रबंधक को निलंबित कर दिया गया है और मामले की आगे जाँच की जा रही है।

Branch of Skiing Institute at Chilka Lake in Orissa

8303. SHRI BRAJAMOHAN MOHANTY : Will the Minister of TOURISM AND CIVIL AVIATION be pleased to state :

(a) whether there is any proposal of opening a branch of skiing Institute of Srinagar at Chilka Lake in Orissa ; and

(b) if so, the details ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF TOURISM AND CIVIL AVIATION (SHRI KHURSHEED ALAM KHAN) : (a) No, Sir.

(b) Does not arise.